TATA STEEL FOUNDATION

TATA

कुँड़ुख़ टाईम्स

https://kurukhtimes.com (अंक 02, जनवरी से मार्च 2022)

वेज वर्जन पत्रिका का त्रैमासिक मुद्रित संस्करण

Prepared by :
Addi Kurukh Chaala Dhumkuriya
Parha Akhra (Addi Akhra), Ranchi

In Association with:
TRIBAL CULTURAL SOCIETY, JAMSHEDPUR
An Ethnicity Wing of TATA STEEL FOUNDATION

TATA STEEL FOUNDATION

TATA

Tata Steel Foundation, a wholly owned subsidiary of Tata Steel Limited, was incorporated on August 16, 2016. With over 500 members spread across eleven units and two states of Jharkhand and Odisha, the Foundation is a CSR implementing organization focused upon co-creating solutions, with tribal and excluded communities, to address their development challenges reaching more than 1.5 million lives annually across 4,500 villages. The Foundation endeavors to implement change models that are replicable at a national scale, enabling significant and lasting betterment of communities proximate to Tata Steel's operating locations while embedding a societal perspective in key business decisions. The Foundation strives for excellence by ensuring that all programmes are aligned with community needs and focused upon national priority areas enabling communities to access and control resources to improve the quality of their lives with dignity.

ट्राईबल कल्चरल सोसाईटी, टाटा स्टील फाउंडेशन के अंतर्गत हाशिये पर पर आ चुके समुदायों विशेषतः अनुसूचित जनजाति के लिए ही कार्यरत इकाई है। यह एक अव्यवसायिक और स्वयंसेवी संगठन है। ट्राईबल कल्चरल सोसाईटी की यात्रा 1974 में तब से शुरू हुई जबकी इसके जनजातीय मामलों के लिए एक संयुक्त समिति के रूप में कार्य करना प्रारंभ किया। वर्ष 1983 में समिति पंजीयन अधिनियम के तहत इसका एक समिति के रूप में पंजीयन कराया गया। टाटा ट्राईबल कल्चरल सोसाईटी का मुख्य उद्देश्य जनजाति अस्मिता और धरोहर को प्रोत्साहित करना है। यह जनजातीय जीवन, संस्कृति तथा आजीविका के विभिन्न पक्षों में आर्थिक पहल के जरिए जनजातीय कला और संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन से सम्बद्ध गतिविधियों पर केन्द्रित है।

कार्य के प्रमुख क्षेत्र हैं :–

- जनजातीय समुदायों की देशज अस्मिता या मौलिक पहचान का संरक्षण और संवर्द्धन।
- सशक्त समाजों के निर्माण हेतु शिक्षा को विशेषतः युवाओं के मध्य प्रोत्साहित करना।
- कौशल विकास के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को रोजगार हेतु प्रोत्साहित करना।

Address:

In association with
TRIBAL CULTURE SOCIETY, JAMSHEDPUR
(An Ethnicity wing of TATA STEEL FOUNDATION)

E. Road Northen Town Bistupur
Jamshedpur - 834001 (Jharkhand)
Contact No. : 918579015646
jiren.topno@tatasteel.com
shiv.kandeyong@tribalculture.org

[Tolong Siki: Kurukh Times]

कुँडुख़ टाईम्स

https://kurukhtimes.com

वेब वर्जन पत्रिका का त्रैमासिक मुद्रित संस्करण

(अंक 02, जनवरी से मार्च 2022)

Consulting Editor:
Mr Kislaya
Mob. # 9431113111

Executive Editor :
Dr. Bindu Pahan, Jamshedpur
Mob # 9798956544

Co-ordinator :
Dr. Narayan Oraon, Sainda, Sisai, Gumla, Mob. # 9771163804

Assistent Co-ordinator :
Shri Bhuneshwar Oraon, Tilsiri, Ghaghra Gumla, Mob # 9798956544

Editorial Board :
1. Shri Jita Oraon, Ranchi Mob. # 9905215471
2. Shri Rajendra Bhagat, Jogo Pahar, Ranchi, Mob # 9798956544
3. Mr. Mahadeo Toppo, Ranchi Mob. # 7250212369
4. Dr. (Smt.) Shanti Xalxo, Ranchi Mob. # 9905215471
5. Dr. Meena Toppo, Ranchi Mob # 9431729685
6. Dr. Narayan Bhagat, Ranchi Mob. # 8521458677
7. Dr. Satyotam Bhagat, Jamshedpur Mob. # 9608706239

Publication Office :
Tolong Chambbi, Boreya Road, Chirondi, Nagra Dippa, PS: Bariatu, Dist. : Ranchi (Jharkhand), Pin: 834006

Publiced by :-
Addi Kurukh Chaala Dhumkuriya Parha Akhra (Addi Akhra), Ranchi

Prepared by :-
Addi Kurukh Chaala Dhumkuriya Parha Akhra (addi Akhra), Ranchi

In association with
TRIBAL CULTURAL SOCIETY JAMSHEDPUR
An Ethnicity Wing of
TATA STEEL FOUNDATION

तरपाँती	–	पईत्त पाब	–	पक्खे

1. तोलोंग सिकि (लिपि) का आधार (प्रकृति और कलाकृति) – 02
2. कुँडुख़ तोलोंग सिकि तोड़पाब (वर्णमाला) – 03
3. कुँडुख़ हहस (कुँडुख़ ध्वनियाँ) – 04
4. झारखण्ड आन्दोलन की नींव और मातृभाषा के विकास की चुनौतियाँ – 06
5. कुँडुख़ कत्थ तोलोंग सिकि उल्ला अरा हपता जतरा – 11
6. धुमकुड़िया कोरना उल्ला माघ पुनई नू – 18
7. राःजी गे (वीर बुधू भगत गे सिरनी अरगाअ़ना डण्डी) – 21
8. पड़हा–खोंड़हा बेसे कुँडुख़ तोड़पाब (कत्थडण्डी) – 23
9. धुमकुड़िया नु बिल्ली दगआ लगदम – 25
10. अखड़ा ता चाःचा पटनी – 28
11. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं मातृभाषा शिक्षा सह कुँडुख़ भाषा तोलोंग सिकि तथा धुमकुड़िया विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला – 30
12. टी०सी०एस० द्वारा चलाये जा रहे भाषा शिक्षण केन्द्र – 31
13. मुदध कत्थसिञा (मुख्य समाचार) – 32

I. [Tolong Siki] (पेंच्छका = संपादकीय)

[illegible: paragraph in Tolong Siki script, containing "Linguistic survey of India 2011", "(संस्कार)", "(संस्कृति)"]

[illegible: paragraph in Tolong Siki script, containing "1", "12", "2020"]

Dated - 20.03.2022

- Bindu Pahan, E. Editor

तोलोङ सिकि (लिपि) का आधार

तोलोङ सिकि (लिपि) : आदिवासी भाषा, संस्कृति, रीतिरिवाज, परम्परा, विज्ञान एंव आध्यात्म का अद्भूत प्रस्तुतिकरण

(कुँडुख़ तोलोङ सिकि तोःड़पाब)

Tolong Siki Alphabet / तोलोङ सिकि वर्णमाला

(सरह तोड़) = स्वर वर्ण (Vowels)

इ i ए e उ u ओ o अ a आ ā

: (सेला) = लम्बी ध्वनि, ˙ (मितला) = नासिक्य व्यंजन सूचक, ’ (घेतला) = शब्दखण्ड सूचक,
~ (एवाँ) = नासिक्य स्वर सूचक, ‿ (रेवाँ) = लुप्ताकार र, I (हेचका) = विकारी अ

(हरह तोड़) = व्यंजन वर्ण (Consonants)

प् p	फ् ph	ब् b	भ् bh	म् m
त् t	थ् th	द् d	ध् dh	न् n
ट् ṭ	ठ् ṭh	ड् ḍ	ढ् ḍh	ण् ṇ
च् ch	छ् chh	ज् j	झ् jh	ञ् n̈
क् k	ख् kh	ग् g	घ् gh	ङ् ṅ
य् y	र् r	ल् l	व् w	ज़् ż
स् s	ह् h	ख़् x	ड़् ṛ	ढ़् ṛh

(लेक्खा) = संख्या, Numerals

0 1 2 3 4 5 6 7 8 9 10

(ख़द्दर ही कत्थ लूर अरा कत्थ बेयाँख़ो) = बच्चों का भाषा ज्ञान और भाषा विज्ञान

(पा), (बा), (मा), (ता), (दा), (ना), (का), (गा), (जा),

(पपा) = रोटी, (बबा) = पिताजी, (ममा) = Cooked rice, भात।

(पल्ले) = दाँत, (बई) = मूँह, (मेलख़ा) = Epiglottis, उप कण्ठ।

(ततख़ा) = जीभ, (दुदु) = दूध, (नरटी) = Oesophagus, ग्रासिका।

ताःका एमसाःर'ई, पल्ले, बई, मेलख़ा, होलेम चीं:ख़नर ख़द्दर।
ततख़ा, दुदहिन, नरटी तरा नतगी होलेम उज्जनर ख़द्दर।।

(कुडुख़ भाषा, संस्कृति, सामाजिक एवं प्राकृतिक अवदान तथा भाषा, विज्ञान आधारित लिपि)

3. कुँडुख़ हहस / कुँडुख़ भाषा की ध्वनियाँ (Kũṛux phonemes)

1. कुँडुख़ कत्था ही मूली सरह (कुँडुख़ भाषा की मूल स्वर स्वर ध्वनियाँ / Primary Vowel) : -

बइता सरह (मौखिक स्वर, Oral vowel)		मुँइता सरह (नासिक्य स्वर, Nasal vowel)	
सन्नी सरह (हृस्व स्वर, short vowel)	दिगहा सरह (दीर्घ स्वर, long vowel)	सन्नी सरह (हृस्व स्वर, short vowel)	दिगहा सरह (दीर्घ स्वर, long vowel)
- इ, i	- इः i:	- इँ ĩ	- इँः ĩ:
- ए, e	- एः e:	- एँ ẽ	- एँः ẽ:
- उ, u	- उः u:	- उँ ũ	- उँः ũ:
- ओ, o	- ओः o:	- ओं õ	- ओंः õ:
- अ, a	- अः a:	- अँ ã	- अँः ã:
- आ, ā	- आः ā:	- आँ ā̃	- आँः ā̃:

2. कुँडुख़ कत्था ही जोट्ठा सरह (कुँडुख़ भाषा का संयुक्त स्वर / Diphthong) :–

जोट्ठा सरह – अइ, अउ, ऐ, औ इउ, उइ, अय, अव, अँइ, अँउ, ऐं, औं, इँउ, उँइ, अँय, अँव.

3. कुँडुख़ कत्था ही मूली हरह (कुँडुख़ भाषा की मूल व्यंजन ध्वनियाँ / Primary Consonant) -

अघोष / NonVoiced		सघोष / voiced		सघोष / voiced		अघोष/NonVoiced
मौखिक अल्पप्राण Non aspirated	मौखिक महाप्राण Aspirated	मौखिक अल्पप्राण Non aspirated	मौखिक महाप्राण Aspirated	नासिक्य अल्पप्राण Non aspirated	मौखिक अल्पप्राण Non aspirated	मौखिक अल्पप्राण Non aspirated
प्	फ्	ब्	भ्	म्	- -	- -
त्	थ्	द्	ध्	न्	य्	- -
ट्	ठ्	ड्	ढ्	ण्	र्	स्
च्	छ्	ज्	झ्	ञ्	ल्	ह्
क्	ख्	ग्	घ्	ङ्	व्	ख़्
- -	- -	ड़्	ढ़्	ञ़्	- -	- -

Ku̧rux phonemes / कुँड़ुख़ ध्वनियाँ (As per minimal pair theory)

/ vowel sound / स्वर ध्वनि	/ consonant sound / व्यंजन ध्वनि
= i = इ - - इज़जो, इजगो	= p = प् - - पपला, पचरी
= e = ए - - एड़पा, एपटा	= ph = फ् - - फँसरी, फटका
= u = उ - - उगता, उड़्डु	= b = ब् - - बल्लु, बली
= o = ओ - - ओसगा, ओरोख़	= bh = भ् - - भदड़ी, भँड़की
= a = अ - - अड़ख़ा, अखड़ा	= m = म् - - मरग, मचा
= ā = आ - - आल, आरू	= t = त् - - ततख़ा, तड़री
= i: = इः - - इःमा, कीःड़ा	= th = थ् - - थड़ा, थइला
= e: = एः - - एःड़ा, नेःला	= d = द् - - दउली, दुदही
= u: = उः - - उःरा, कूःबी	= dh = ध् - - धनु, धरती
= o: = ओः - - ओःड़ा, ओःड़ा	= n = न् - - नड़गा, नड़हा
= a: = अः - - अःव, दःव, कःव	= ṭ = ट् - - टटख़ा, टमरस
= ā: = आः - - आःली, आःलो	= ṭh = ठ् - - ठरकी, ठठरा
= ĩ = इँ - - चिंचो, बिंड़ना	= ḍ = ड् - - डउड़ा, डिगची
= ẽ = एँ - - चेंड़ा, गेंड़ा	= ḍh = ढ् - - ढरा, ढेरा,
= ũ = उँ - - गुँड़ना, कुँड़ुख़	= ṇ = ण् - - भण्डा, डुण्डी
= õ = ओं - - कोंहड़ा, गोंहड़ा	= ch = च् - - चलकी, चपटा
= ã = अँ - - अँटा, खँटी	= chh = छ् - - छटका, छलका
= ā̃ = आँ - - चाँड़, काँड़	= j = ज् - - जल्ली, जंगला, जट्टा
= ĩ: = इँः - - बींःड़ी, चींःचो	= jh = झ् - - झमड़ा, झण्डा
= ẽ: = एँः - - पेंःड़े, हेंःड़े	= n̈ = ञ् - - चिञा, सिञा, कोंयछा
= ũ: = उँः - - कूँःड़, फूँःप	= k = क् - - ककड़ो, कड़मा
= õ: = ओंः - - कोंःड़ा, तोंःड़ो	= kh = ख् - - खपरा, खरपा
= ã: = अँः - - अँःत, अँःख़, सँःह	= g = ग् - - गमछा, गगरा
= ā̃: = आँः - - आँःड़को, भाँःड़ो	= gh = घ् - - घुघरी, घघरा
= ai = अइ - - कइला, चइला	= ṅ = ङ् - - झिलङो, झोलङो, डोङा
= au = अउ - - अउड़का, कउड़ी	= y = य् - - किया, जिया, पया, मया
= ae = ऐ / अय् - - नैग, कैर	= r = र् - - रसड़ी, रहटा, रोःगे, रट्टा
= ao = औ / अव् - - बौग, नौर	= l = ल् - - लट्टु, लड़ङ, लवटो
= iu = इउ - - इउन्दा, चिउरा	= v = व् - - जवा, लवा, तवा, मड़वा
= ui = उइ - - उइरा, कुइला	= ż = ज़् - - कोरज़ो, तूःज़, कुज़ी
= ãi = अँइ - - कँइत, गँइता	= s = स् - - सगड़, सिकड़ी, सुरती
= ãu = अँउ - - कँउड़, झँउड़	= h = ह् - - हड़का, हरिन, हँसली
= ãe = ऐं / अँय् - - चैंदना, पैंड़ा	= x = ख़् - - ख़न्न, ख़ज्ज, ख़ेंस
= ão = औं / अँव् - - चौंर, भौंरो	= ṛ = ड़् - - गेड़े, घोड़ो, गड़ना
= ĩu = इँउ - - इँउरा, चिँउरा	= ṛh = ढ़् - - गढ़े, बाढ़ी, उढ़ीयारना
= ũi = उँइ - - पुँइदा, सुँइतु	= ạ = अ़ - - चिअ़ना, नेअ़ना, बअ़ना

4. झारखण्ड आन्दोलन की नींव और मातृभाषा के विकास की चुनौतियाँ (कुँड़ुख़/उराँव भाषा के संदर्भ में)

– डॉ० नारायण उराँव 'सैन्दा'

भारत देश में जनगणना रिर्पोट 2011 (भाषायी) सभी जनों के लिए समर्पित है। *गूगल से।

Census of India - 2011 (Linguistc) के अनुसार भारत में कुल 121 अनुसूचित तथा गैर अनुसूचित भाषाओं को 05 भाषा परिवार के समूहो में वर्गीकृत किया गया है। इनमें से 22 भाषाओं को 8वीं अनुसूची में स्थान प्राप्त हुआ है। इन 22 में से 15 इंडो–यूरोपियन, 01 आष्ट्रो–एषियाटिक, 02 तिब्बतो–बर्मिज एवं 04 द्रविड़यन भाषा परिवार से हैं। वर्गीकरण निम्न प्रकार है :–

1. इंडो–यूरेपियन (INDO-EUROPEAN)
   - (क) इंडो–आर्यन (INDO-ARYAN)
   - (ख) इरानियन (IRANIAN)
   - (ग) जर्मेनिक (GERMANIC)
2. द्रविड़यन् (DRAVIDYAN)
3. आष्ट्रो–एशियाटिक (AUSTRO-ASIATIC)
4. तिब्बतो–बर्मिज (TIBETO-BURMESE)
5. सेमीटो–हमीटिक (SEMITO-HAMITIC)

झारखण्ड की भाषाएँ प्रथम तीन भाषा परिवार में से है। इंडो–आर्यन भाषा परिवार में से – संस्कृत, हिन्दी, बंगला, ओड़िया, असमी, पंजाबी, मगही, भोजपुरी, मैथिली, सादरी, नागपुरी, खोरठा, पंचपरगनियाँ, कुरमाली आदि। आष्ट्रो–एशियाटिक भाषा परिवार में से – मुण्डारी, संताली, हो, खड़िया आदि। द्रविड़ भाषा परिवार में से – कुँड़ुख़ एवं मालतो है। कुँड़ुख़ एवं मालतो को उतरी द्रविड़ भाषा कहा गया है। मध्य द्रविड़ में – गोंडी, तुलु आदि। दक्षिणी द्रविड़ भाषा परिवार की मुख्य भाषाओं में से – तमिल, तेलगु, मलयालम, कन्नड़ आदि है।

इस रिर्पोट के अनुसार भारत देष में कुँड़ुख़ (उराँव) को mother tongue दर्ज करने वालों की संख्या 19,88,350 है, जिनमें से 9,93,346 पुरूष तथा 9,95,004 महिलाएँ हैं। यहाँ लिंग अनुपात में महिलाएँ अधिक हैं। साथ ही यह तथ्य प्रकाश में आया कि देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में रहकर कुँड़ुख़ भाषी कमोवेश अपनी मातृभाषा, कुँड़ुख़/उराँव दर्ज करवाये हैं। संख्या की दृष्टि से कुँड़ुख़ को मातृभाषा दर्ज करने वालों में सबसे अधिक संख्या झारखण्ड से है। उसके बाद क्रमवार छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओड़िसा, बिहार, असम, अंडामन–निकोबार आदि है। जनसंख्या सूचकांक के मानक संख्या के आधार पर 10,000 (दस हजार) से अधिक वाले प्रदेष की सूची में 6 (छः) राज्य एवं 01 (एक) केन्द्र षासित प्रदेष है तथा 1,50,000 (डेढ़ लाख) से अधिक संख्या वाला प्रदेश मात्र 03 (तीन) है, जिसमें झारखण्ड, छत्तीसगढ़ एवं पष्चिम बंगाल राज्य है। विवरण इस प्रकार है :–

Distribution of KURUKH / ORAON Non Scheduled language in India as per Census 2011

State	Total	Male	Female
1. Jharkhand	9,52,164	4,74,426	4,77,738
2. Chhatisgarh	5,16,778	2,56,692	260086
3. W. Bengal	1,71,909	86,428	85,481
4. Odisa	1,36,031	67,225	68,806
5. Bihar	87,995	45,208	42,787
6. Assam	73,437	36,943	36,494
7. Maharastra	8,239	4,160	4,079
8. Tripura	7,145	3,798	3347
9. UttarPradesh	4,495	2,332	2,163
10. M.P.	4132	2342	1790
11. Hm Pradesh	2,227	1275	1002
12. Nagaland	993	536	457
13. ArunachalPr.	969	561	408
14. Tamil Nadu	817	471	346
15. Utrakhand	696	404	292
16. Haryana	539	277	262
17. J&K	321	252	69
18. Karnataka	286	134	150
19. Rajasthan	251	176	75
20. Goa	213	115	98
21. Panjab	195	114	81
22. Meghalay	176	96	80
23. Gujrat	116	68	48
24. Sikkim	85	55	30
25. Andhra Pra.	66	32	34
26. kerala	56	50	06
27. Mizoram	42	20	22
28. Manipur	36	28	08

National Capital Teritory & Union Teritory

State	Total	Male	Female
1. A&N Island	15,064	7,780	7,284
2. NCT of Delhi	2,753	1,298	1,455
3. Chandigarh	39	22	17
4. Daman&Dui	21	18	03
5. Pudduchery	12	07	05
6. D&N Havel	04	03	01

Population of Tribal Language (Scheduled & Non Scheduled) in India as per Census 2011

Language	INDIA	Jharkhand	CHG.	W. Bengal	Odisa	Bihar	Assam	M.P/UP/RJ/M/ GUJ/ANDRA/K
1. Bhili	1,0413637	**	**	**	1213	1448	3038	1,03,77,045+
2. Santali(S)	73,68,192	3269897	17862	2429073	862590	458949	213139	51565(Maha.)
3. Gondi	29,84,453	**	1071400	**	56517	**	**	18,37,329+
4. Kurukh	19,88,350	9,52,164	5,16,778	1,71,909	1,36,031	87,995	73,437	15,064(A&N) 8234 (Maha.)
5. Bodo(S)	14,82,929	**	**	42739	**	**	1416125	**
6. Ho	14,21,418	9,94,302	1,408	6,055	4,11,724	1,890	**	
7. Mundari	11,28,228	9,42,108	**	29594	1,23,488	**	2468	1378(Aru.P.)
8. Munda	5,05,922	23907	23907	**	3,35830	**	71903	
9. Savara	4,09,549	**	**	24915	298655	**	5900	74605(Andr.)
10. Kharia	2,97,614	1,40,148	**	6,876	126,872	75986	8,921	4069(A&N)
11. Malto	2,34,991	151565	**	5057	1356	**	**	**
12. Kisan	2,06,100	3321	**	10,277	1,94,718	**	**	**
13. Kora	47,268	**	2104	40741	**	**	**	**
14. Korwa	28,453	2341	19212	2009	**	**	**	3693(Maha.)
15. Bhumij	27,506	11,275	**	6,977	5912	963	952	**

Person who returned the language as their mother tongue						Decadal percentage increase			
Language	1971	1981	1991	2001	2011	71-81	81-91	91-2001	2001-11
1. Santali	3786 899	4332511	5216325	6469600	7368192	14.41	20.40	24.03	13.89
2. Kurukh	1235665	1333670	1426618	1751489	1988350	3.93	6.97	22.77	13.52
3. Ho	751389	783301	949216	1042724	1421418	4.25	21.18	9.85	36.32
4. Mundari	771253	742739	861378	1061352	1128228	-3.70	15.97	23.22	6.30
5. Munda	309293	377492	413894	469357	505922	22.05	9.64	13.40	7.79
6. Kharia	191421	212605	225556	239608	297614	11.67	6.09	6.23	24.21
7. Kora	14333	23113	28200	43030	47268	61.23	22.01	52.59	9.85
8. Malto	-	100177	1081148	224926	234991	-	7.96	107.98	4.47

*Google - Census of India 2011 (Linguistic). ** Less than 1000 popoulation in state is not mentioned in this table.

झारखण्ड के परिपेक्ष्य में भाषायी जनगणना के आधार पर कई प्रश्न उठ रहे हैं। पहला – नवगठित राज्य झारखण्ड में, जिसके गठन का आधार सम्वृद्ध सांस्कृतिक धरोहर बतलाया गया, क्या अब वह सांस्कृतिक विरासत संरक्षित और सुरक्षित है? दूसरा – क्या, वह संवृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संवर्द्धन के लिए षिक्षा नीति एवं आदिवासी कल्याण नीति द्वारा यथोचित मदद मिलेगा? इन प्रश्नों के उत्तर ढूँढ़ने से पहले झारखण्ड में अनुसूचित जनजातियों की सूची पर दृष्टि डाला जाए :–

List of Scheduled Tribes in Jharkhand

1. Asur
2. Baiga
3. Banjara
4. Bathudi
5. Bedia
6. Binjhia
7. Birhor
8. Birjia
9. Chero
10. Chick Baraik
11. Gond
12. Gorait
13. Ho
14. Karmali
15. Kharia
16. Kharwar
17. Khond
18. Kisan
19. Kora
20. Korwa
21. Lohra
22. Mahli
23. Mal Pahariya
24. Munda
25. Oraon
26. Parhaiya
27. Santhal
28. Sauria Paharia
29. Savar
30. Bhumij
31. Kol
32. Kanwar

Kanwar and Kol added in 8 June 2003 in the annexure and number of Schedule Tribe came to 32. ***WikipediA

भारतीय आदिवासी समाज के पास उसकी अपनी विशिष्ट भाषा, संस्कृति, रूढ़ी–परम्परा आदि उनकी पुस्तैनी विरासत है। क्या, वर्तमान भूमंडलीकरण के दौर में आदिवासी, अपनी पुस्तैनी धरोहर को संरक्षित एवं सुरक्षित कर पाएंगे? अगर हाँ, तो कैसे? और नहीं तो, क्यों?

झारखण्ड अलग प्रांत, आन्दोलन के दौरान आंदोलनकारी छात्र नेताओं द्वारा बार–बार यह प्रष्न उठाया जाता था कि – अगर कल के दिन झारखण्ड बनेगा तो सिस्टम वही रहेगा, जो बिहार में है। यानि मंत्री से लेकर संतरी तक और टेक्नोक्रेट से लेकर ब्यूरोक्रेट तक वही पुरानी व्यवस्था रहेगी, तो फिर यह आन्दोलन किसके लिए? पढ़ा–लिखा वर्ग तो कहीं भी नौकरी या व्यापार कर लेगा। हमारे गाँव–समाज के लोगों को क्या मिलेगा, जो इस आन्दोलन में जूझ रहे हैं। इस प्रश्न के उत्तर में वे कहते थे – आदिवासी समाज के पास अपनी भाषा है, संस्कृति है, अपनी रूढ़ी–परम्परा है। अगर आन्दोलन के माध्यम से यह धरोहर बच जाता है तो हम आन्दोलन को सफल मानेंगे। इसके लिए भाषा को बचाना होगा। भाषा बचेगी तभी संस्कृति बचेगी और भाषा तभी बचेगी जब भाषा की पढ़ाई प्राथमिक स्तर से विष्वविद्यालय स्तर तक हो और आज के भूमण्डलीकरण के दौर में अपनी आदिवासी भाषा को बचाने एवं निखारने के लिए जो भी माध्यम की जरूरत पड़ेगी, उन बातों को आगे लाना पड़ेगा।

वर्ष 2011 की जनगनणा रिपोर्ट में मातृभाषा के आधार पर जिन अनुसूचित एवं गैर अनुसूचित भाषाओं की गणना की गई है वह आने वाले समय में आदिवासियों के लिए घोर चिंता का विषय है। झारखण्ड की 32 अनुसूचित जनजाति में से मात्र 10–11 भाषाओं को (संताली को छोड़कर) गैर अनुसूचित भाषाओं की सूची में दर्ज किया गया है। बाकी 21 आदिवासियों की भाषा का क्या हुआ? क्या, आने वाले समय में उन भाषाओं के विकास के लिए शिक्षा नीति में स्थान मिलेगा? यदि नहीं, तो वे अपनी भाषा को कैसे बचाएंगे, क्या? दूसरी ओर जिन आदिवासियों ने अपनी मातृभाषा के रूप में सादरी, नागपुरिया, पंचपरगनियाँ आदि दर्ज कराया है वह संवृद्ध हिन्दी भाषा को अलंकृत कर रहा है। ऐसे में झारखण्डी संस्कृति की पहचान कहाँ? दुनिया की कितनी भाषाएँ हैं इसका ठीक–ठीक उत्तर देना संभव नहीं है। सूचना प्राद्यौगिकी का आकलन है कि दुनियाँ में लगभग 16000 भाषाएँ बोली जाती थीं जो वर्तमान में लगभग 6809 रह गयी है। इनमें से 90 फीसदी भाषाओं को बोलने वालों की संख्या 01 लाख से भी कम

है। लगभग 200 से 150 भाषाएँ ऐसी हैं जिनको 10 लाख से अधिक लोग बोलते हैं। लगभग 357 भाषाएं ऐसी हैं जिनको मात्र 50 लोग ही बोलते हैं। इतना ही नहीं 46 भाषाएं ऐसी भी हैं जिनको बोलने वालों की संख्या मात्र 01 है। दुर्भाग्यवश संचार के माध्यमों में वृद्धि के साथ ही कई ऐसी छोटी भाषाएं हैं जो लुप्तप्राय हैं। इन भाषाओं के लुप्त होने के साथ ही इन्हें बोलने वालों की संस्कृति भी समाप्त हो जाएगी।

भाषा, विचारों को व्यक्त करने का एक प्रमुख साधन है। भाषा, मुख से उच्चारित होने वाले शब्दों और वाक्यों आदि का वह समूह है, जिनके द्वारा मन की बात बतलाई जाती है। भाषा की सहायता से ही किसी समाज विशेष या देश के लोग अपने मनोगत भाव अथवा विचार एक–दूसरे पर प्रकट करते हैं। भाषा विज्ञान के जानकारों ने यूं तो भाषा के विभिन्न वर्ग स्थापित करके उनमें से प्रत्येक की अलग–अलग शाखाएं बनाई हैं। यथा, हमारी हिन्दी भाषा, भाषा विज्ञान की दृष्टि से भारतीय आर्य शाखा की एक भाषा है। ब्रजभाषा, अवधी, बुंदेलखंडी आदि इसकी उप भाषाएं हैं। पास–पास बोली जाने वाली अनेक उप भाषाओं में बहुत कुछ साम्य होता है और उसी साम्य के आधार पर उनके वर्ग या कुल स्थापित किए जाते हैं। मानव समाज के साथ ही भाषा का भी बराबर विकास होता आया है। इसी विकास के कारण भाषाओं में सदा परिवर्तन होता रहता है। भाषा के बिना मनुष्य अपूर्ण है और अपने इतिहास और परंपरा से विछिन्न है। भाषा और लिपि भाव व्यक्तिकरण के दो अभिन्न पहलू हैं। एक भाषा कई लिपियों में लिखी जा सकती है जबकि हिन्दी, मराठी, संस्कृत, नेपाली आदि सभी देवनागरी में लिखी जाती हैं। भाषा में ही हमारे भाव, राज्य, वर्ग, जातीयता और प्रांतीयता झलकती है। इस झलक का संबंध व्यक्ति की मानवीय संवेदना और मानसिकता से भी होता है।

मनुष्य को सभ्य और पूर्ण बनाने के लिए शिक्षा जरूरी है और सभी प्रकार की शिक्षा का माध्यम भाषा ही है। साहित्य, विज्ञान, अर्थषास्त्र आदि सभी क्षेत्रों में प्रारंभिक से लेकर उच्चतर शिक्षा तक हर स्तर पर भाषा का महत्व स्पष्ट है। जीवन के सभी क्षेत्रों में किताबी शिक्षा हो या व्यवहारिक शिक्षा, यह भाषा के द्वारा ही प्राप्त की जा सकती है। विश्व में विज्ञान से लेकर भाषा विज्ञान तक सभी क्षेत्रों में नए–नए शोध होते रहते हैं। इनमें अध्ययन व शोध लेखन के लिए नए–नए शब्द रचे जाते हैं। इन शब्दों से संचय से भाषा के द्वारा सामाजिक– वैज्ञानिक विकास की अभिव्यक्ति होती है। भाषा के बिना लिखित साहित्य का अस्तित्व ही संभव नही है। वेद, पुराण, उपनिषद् से लेकर तुलसीदास आदि का साहित्य, भाषा के कारण इतने सालों तक सुरक्षित रहकर आज तक भी हमें अध्ययन के लिए प्रेरित करता है। साहित्यकार ऐसी भाषा को आधार बनाते हैं, जो उनके पाठकों व श्रोताओं की संवेदनाओं के साथ एकाकार करने में समर्थ हों।

हमें अपने बच्चों को अपनी मातृभाषा के महत्व को समझाना होगा। हमें अपनी परंपरा का वास्तविक चित्र उन्हें दिखाना होगा। माता के अलावा संस्कार का तीसरा स्त्रोत बच्चे का वह प्राकृतिक व सामाजिक परिवेश है जिसमें वह जन्म लेता है और पलता–बढ़ता है। यह परिवेश उसके आहार–व्यवहार, शरीर के रंग–रूप के साथ ही आदतें भी बनाता है। सामाजिक परिवेश के अंतर्गत परिवार, मोहल्ला, गांव और विद्यालय के साथी, सहपाठी, मित्र, पड़ोसी व शिक्षक आते हैं। पवित्र भावों और आस्था का सूत्र ही अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता और पूज्य भाव के लिए प्रेरित करता है। यही सूत्र सामाजिक आचरण का नियम कहलाता है। गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं –

वषीकरण एक मंत्र है, तज दे वचन कठोर।
तुलसी मीठे वचन ते, सुख उपजत चहुंओर।

गोस्वामी तुलसीदास की ये पंक्तियां भाषा के महत्व को समझाने के लिए काफी हैं। भाषा से संस्कार जुड़े होते हैं। वर्तमान पीढ़ी अपनी भाषा से दूर होने के साथ संस्कारों से भी दूरी बना रही है, जिससे पाश्चात्य संस्कृति का बोलबाला बढ़ रहा है। हम जिस भाषा को महत्व देते हैं उसी भाषा की संस्कृति सीखते–समझते हैं। इसके लिए बच्चों को अपनी भाषा से जोड़े रखना बेहद जरूरी है। हमारी भाषा ही हमें पीढ़ियों से जोड़ती है। हमारी राष्ट्र भाषा हिन्दी दुनिया में दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। फिर भी आधुनिकता की आंधी में युवा पीढ़ी हिन्दी से ही दूर होती जा रही है। हालांकि सोशल मीडिया पर बढ़ती हिन्दी सक्रियता ने लोगों को अपनी भाषा की ओर से फिर से मोड़ने और जोड़ने का काम किया है। इससे जहां हिन्दी भाषा के प्रयोग का चलन बढ़ा है वहीं विश्व पटल पर भी देश के प्रतिनिधियों ने देश की भाषा को स्थापित करने में पूरा योगदान दिया है।

झारखण्ड के परिपेक्ष्य में मातृभाषाओं को जीवन के विकास का सहचरी कहने वाले प्रख्यात झारखंड आंदोलनकारी शीर्ष नेतृत्व युवा छात्र नेता आजसू जैसे

संगठन का संस्थापक सह अध्यक्ष विनोद कुमार भगत ने – भाषा को अस्तित्व का स्वरूप कहा है और झारखंड आंदोलन में भाषा को झारखंड का विकास नहीं होने का कारण के रूप में चिन्हित किया। परिणाम स्वरूप भाषा का महत्व झारखंड राज्य के गठन के बाद से बढ़ा है, और अब जनजातीय तथा क्षेत्रिय भाषाओं का विकास की ओर बढ़ते कदम से जनजातीय सामाजिक मूल्यों की रक्षा तथा संस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाने की ओर चला जा रहा है। श्री भगत जनजातियों के विकास में इनकी भाषा और लिपि को महत्वपूर्ण बनाने पर जोर दे रहे हैं। अभी भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। भाषाओं के विकास में इनके चिंतन धारा से झारखंड गर्वान्वित महसूस करती है। पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुण्डा, अमेरिका के मिनिसोटा विश्वविद्यालय से राँची आकर झारखण्ड अलग प्रांत आन्दोलन को दिशा प्रदान किये। इसके लिए वे – "मातृभाषा में शिक्षा की परिकल्पना को आधार बनाये। उन्होंने, पांच आदिवासी भाषा तथा चार क्षेत्रिय भाषा को साथ लेकर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग का गठन करवाये और उसका संचालन किये।" वे कहा करते थे कि जब हमारे लोग अपने बारे में अपने तरह से समझेंगे तो अपने बारे में बोलना सीखेंगे। और जब बोलना सीखेंगे तो राज्य, देष

(बिहार सरकार, शिक्षा विभाग ने 13 अगस्त 1953 को जनजातीय क्षेत्रों में उनके मातृभाषा के माध्यम से पढ़ाई कराने का निर्णय लिया। पुनः कोठारी कमिशन के रिपोर्ट के बाद 22 जनवरी 1978 को मातृभाषा के रूप में संताली, उराँव, हो एवं मुण्डारी भाषा को माध्यमिक स्तर तक पढ़ाई हेतु अधिसूचना जारी किया गया।)

शिक्षा विभाग संकल्प सं०-ई/१ 7-0 143/78 शि० 84, दिनांक 22-1-78।

विषय–10+2+3 शिक्षा संरचना तथा उसका कार्यान्वयन।

पढ़ा गया–शिक्षा विभाग संकल्प संख्या 2844, दिनांक 23-12-1976, राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा आयोग की अनुशंसा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधान के आलोक में प्रथम डिग्री स्तर से नीचे की शिक्षा का स्वरूप निम्न प्रकार रखने का निर्णय लिया गया है–

2. कोठारी आयोग, एन० सी० ई० आर० टी० तथा ईश्वर भाई जे० पटेल समिति की अनुशंसा को ध्यान में रखते हुए प्रारंभिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में निम्नांकित विषयों को रखा गया है–

(1) मातृभाषा– वर्ग 1 से मातृभाषा के रूप में भारत के संविधान की अनुसूची 8 में सम्मिलित सभी आधुनिक भारतीय भाषाओं के अतिरिक्त मैथिली, संथाली, उराँव, हो, मुंडारी तथा एंगलो इण्डियन विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी को भी मान्यता होगी।



(2) द्वितीय भारतीय भाषा– वर्ग 1 से जिनकी मातृभाषा हिन्दी नहीं होगी, उनके लिए राष्ट्रभाषा (हिन्दी) और जिनकी मातृभाषा हिन्दी होगी उनके लिए भारत के संविधान की अनुसूची 8 में सम्मिलित कोई भारतीय भाषा, जिनमें संस्कृत भी सम्मिलित होगी। अहिन्दी भाषी विद्यार्थियों को छुट होगी कि वे हिन्दी निम्न स्तर (राष्ट्रभाषा) अथवा हिंन्दी उच्च स्तर (मातृभाषा) का अध्ययन करेंगें।

(3) अंग्रेजी– वर्ग 6 से

(4) गणित– वर्ग 1 से

(5) विज्ञान– वर्ग 1 एवं 2 में पर्यावरण का अध्ययन के रूप में वर्ग 3 से 5 तक, सामान्य विज्ञान के रूप में, तथा वर्ग 6 से 8 तक पृथक-पृथक विषय–भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान के रूप

Government of Bihar, Education Department Resolution No. 645 E. R. of Ranchi, the 13th August, 1953.

The State Government have recently examined fully and afresh their policy with regard to the medium of instruction in schools and inspite of the sweeping criticisms that have been sometimes made by certain sections, they have not found the policy hitherto followed either lacking in generosity towards the linguistic minorities or departing from the general principle adopted on this matter by the Government of India.



However, this re-examination has revealed the necessity for any ambiguity and remove all doubts on the subject. In accordance with their general policy of giving increasing facilities to linguistic minorities particularly in cultured and educational matters, Government had already given full latitude to such minorities to use their own languages as the medium of instruction in schools started by them even upto the Matriculation standard. They have now decided to further liberalise their policy by allowing an increase by two years of the period of schooling even in the general schools during which the medium of instruction in non-language subjects shall be the mother tongue, the result being that throughout the primary and the middle schools stages, that is for the first eight years, the medium of instruction shall be the mother tongue subject to such adjustments as are indicated below. Government hope that this major liberalisation of policy will remove any difficulties that might have been experienced by any section of people. The policy with regard to the medium of instruction shall be as follows.

(a) The medium of instruction in non-language subjects upto the middle stage i.e. up to class VII in Traditional Schools and upto class VIII in Basic and Sarvodaya Schools, should be the mother tongue of the pupils concerned. As recommended by the Conference of Education Ministers a school in which the total number of students, whose mother-tongue is other than the language which is used as the medium of instruction in that school, is 40 and above or in any individual class the number of such students is 10 and above, the authorities of the school shall be expected to provide at least one teacher who will take classes in non-language subjects through the medium of that language.

(b) The languages to be accepted as mother tongue for the purposes of this resolution will be Hindi, Bengali, Oriya, Urdu, Maithili, Santhali, Oraon, Ho, Mundari and for Anglo-Indian pupils, English.

तथा समाज का प्रतिनिधित्व करेंगे। झारखण्ड आन्दोलन के दौरान भाषाविद डॉ. फ्रांसिस एक्का का कहना था कि – आदिवासी भाषाओं के विकास के लिए नई लिपि की आवश्यकता है पर नई लिपि अति सुन्दर हो या उच्च तकनीति संधारित हो, इससे अधिक जरूरी है कि वह सामाजिक और सांस्कृतिक आधार वाली हो। लिपि वैसी हो जिसमें वर्तमान भूमण्डलीकरण तथा वैश्विक बाजार या बड़े समूह के दबाव से (आदिवासी समाज के खिलाफ उत्पन्न revers force से) मुकाबला कर सकने की क्षमता हो। इन तमाम बातों को ध्यान देते हुए उक्त भाषाविद् द्वय ने झारखण्ड में भाषा एवं लिपि विकास पर तथा मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा पर मार्गदर्शन किया था।

– ग्राम : सैन्दा, थाना : सिसई, जिला : गुमला।

प्रेणार्थक विचार :– मुड़मा, राँची में "कुँड़ुख़ भाषा, शिक्षा एवं धुमकुड़िया" विषयक कार्यशाला में दिनांक 13 मार्च 2022 को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड की प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल ने कहा – "आदिवासियों को देश की मुख्य धारा से जुड़ने के साथ अपने सांस्कृतिक विरासत को बचाने के उपाय पर भी कार्य करना होगा। सरकार द्वारा "धुमकुड़िया" निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, पर धुमकुड़िया की आत्मा को जगाने का कार्य तो समाज के लोगों को ही करना होगा।"

– कार्यशाला संयोजन समिति, मुड़मा

5. कुँडुख़ कत्थ तोलोंग सिकि उल्ला ती कुँडुख़ कत्थ तोलोंग सिकि हपता जतरा

वर्ष – 2010

प्रथम कुँडुख़ तोलोङ सिकि उल्ला (दिवस), 20 फरवरी 2010 के अवसर पर सत्य भारती में tolongsiki.com (तोलोङ सिकि डॉट कॉम) नामक वेवसाइट, 20 फरवरी 2010 को लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर ऑग्जीलरी बिशप श्री विनय कण्डुलना, डॉ0 लक्ष्मण उराँव, डॉ0 नारायण भगत, ई0 अजित मनोहर खलखो, फा0 अगस्तिन केरकेट्टा, डॉ0 नारायण उराँव, श्री बंधन तिग्गा, श्री अशोक बखला, श्री अजित मनोहर खलखो, श्री जेवियर सोरेंग, श्री प्लासिदियुस किड़ो, श्री सिरिल हंस, श्रीमती सरस्वती गगराई, श्री गणेश मुर्मू, श्री विनोद भगत, श्री प्रवीण उराँव, डॉ0 श्रीमती शान्ति खलखो, डॉ0 देवनिस खेस तथा रिम्स, राँची के छात्र–छात्राएँ उपस्थिति थे। यह वेबसाइट, श्री किसलय जी के द्वारा तैयार हुआ है, जिसमें तोलोंग सिकि संबंधी अद्यतन जानकारी उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर श्री विनोद कुमार भगत ने कहा – ''झारखण्ड अलग प्रांत आंदोलन में भाषा और संस्कृति की रक्षा और विकास एक मुद्दा हुआ करता था, पर इसे कार्यरूप दिये जाने में वर्षों समय लगा। वर्तमान में अगर संस्कृति बचानी है तो उस समाज की भाषा को बचाना आवश्यक है और भाषा को बचाने के लिए घर–परिवार में बोलते रहने के साथ उस भाषा में लिखना–पढ़ना भी पड़ेगा। अर्थात उस भाषा को वर्तमान शिक्षा पद्धति में शामिल करना भी आवश्यक है।''

हिन्दुस्तान 12

रांची, रविवार, 21 फरवरी, 2010

तोलोंग सिकि की वेबसाइट का लोकार्पण

रांची। कुडुख भाषा की लिपि तोलोंग सिकि की वेबसाइट शनिवार को जारी की गई। इसका लोकार्पण झारखंड सरकार द्वारा तोलोंग सिकि/लिपि के पठन–पाठन को मान्यता देने की पहली वर्षगांठ पर किया गया। इस अवसर पर सत्यभारती सभागार में उपस्थित बिशप डॉ निर्मल मिंज, धर्मगुरु बंधन तिग्गा, बिशप विनय कंडुलना, डॉ नारायण उरांव, अशोक बाखला, अजीत मनोहर खालखो, जेवियर सोरेंग, डॉ शांति खालखो, जीतू उरांव, प्लासिदियुस किडो, सिरिल हंस, सरस्वती गागराई, गणेश मुरमू, विनोद भगत, प्रवीण उरांव व अन्य ने अपनी भाषा और संस्कृति के महत्व को रेखांकित और इसकी रक्षा का संकल्प लिया। डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट तोलोंग डॉट सिकि पर लॉगइन करने पर फिलहाल हिंदी और अंग्रेजी में जानकारी मिलेगी।

वर्ष – 2011

तोलोङ सिकि कुँडुख़ भाषा दिवस, 20 फरवरी 2011 को झारखण्ड जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची के सभागार में, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के **कुलपति डॉ0 रविन्द्र नाथ भगत,** पूर्व कुलपति डॉ0 विक्टर तिग्गा एवं महामहिम राज्यपाल, झारखण्ड के तत्कालीन सलाहकार डॉ0 प्रकाष चन्द्र उराँव, डॉ0 निर्मल मिंज, सिसटर जेम्मा, श्री पियुष अमुत बेक, डॉ0 श्रीमती शान्ति खलखो, डॉ0 नारायण उराँव सैन्दा आदि विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर डॉ. विक्टर तिग्गा ने कहा – अपनी भाषा और संस्कृति किसी जाति विषेष की पहचान होती है। हमारे आदिवासी समाज में बहुत सी भाषाएँ बोली जातीं है, पर कुछ भाषाओं की लिपि अभी तक विकसित नहीं हो पायी है। यही कारण है कि बहुत सी भाषाएँ लुप्त होने के कगार पर हैं। किसी भाषा की लिपि उस भाषा के लिए कवच की तरह है जो उसे स्थायित्व प्रदान करता है, उसे लुप्त होने से बचाती है।

डॉ.नारायण उराँव एवं उनके सहयोगियों द्वारा विकसित कुँडुख़ भाषा की लिपि तोलोंग सिकि इस दिशा में एक सराहनीय कदम है। इसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं।

4 दैनिक जागरण रांची, 21 फरवरी 2011

समाज की पहचान भाषा से

रांची : अखिल भारतीय तोलोंग सिकि प्रचारिणी सभा के तत्वावधान में रविवार को तोलोंग सिकि दिवस जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के सभागार मनाया गया। मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.रवीन्द्रनाथ भगत ने कहा, समाज की पहचान भाषा से होती है और संस्कृति की वाहिक भाषा ही होती है। सिद्धू कान्हू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति विक्टर तिग्गा ने इस लिपि को विश्वविद्यालय स्तर पर लाने पर बल दिया। पूर्व सांसद दुखा भगत ने कहा कि जिस भाषा को पूर्व में बोलते थे, अब उसे अपनी लिपि में भी लिखना होगा। मौके पर बिशप डॉ. निर्मल मिंज, सिस्टर जेम्मा, पीयूष अमृत बेक, अब्राहम व डॉ. शांति खलखो सहित कई लोग उपस्थित थे।

बैठक रविवार को चर्च रोड के विक्रांत चौक स्थित प्रधान कार्यालय में हुई। परिषद के हीरालाल तिवारी ने निगम के अधिकारियों से सफाईकर्मियों को बैज व नेमप्लेट उपलब्ध कराने की मांग की।

निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर

रांची : रक्तदान सह निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर कम्पलीट हेल्थ सर्विसेस ने रविवार को कार्तिक उरांव आदिवासी छात्रावास करम टोली में लगाया। छात्रों ने अपने दांतों की जांच करवाई। मौके पर डॉ. राजेश पटेल, ज्योति प्रकाश, प्रकाश रंजन, विवेक कुमार आदि थे।

मुख्यमंत्री को दी बधाई

वर्ष – 2012

तोलोङ सिकि दिवस, 20 फरवरी 2012 को कार्तिक उराँव बाल विकास विद्यालय, सिसई, गुमला एवं अद्दी कुँड़ुख़ चाला धुमकुड़िया पडहा अखड़ा (अद्दी अखड़ा) के संयोजन में झारखण्ड राज्य समन्वय समिति के सदस्य डॉ0 देवशरण भगत, डॉ0 निर्मल मिंज, डॉ0 करमा उराँव, प्रो0 बेनार्ड मिंज, फा0 अगस्तिन केरकेट्टा, पा0 सिरिल हंस, डॉ0 नारायण भगत, प्रो0 सोमनाथ उराँव, डॉ0 नारायण उराँव, श्री मंगरा मुण्डा, श्री लोयो उराँव आदि के उपस्थिति में मनाया गया। समारोह में भाग लेने हेतु कार्तिक उराँव आदिवासी वाल विकास विद्यालय, कार्तिक नगर, सिसई, संत जेवियर उच्च विद्यालय रोशनपुर, आर.सी.मध्य विद्यालय, बसिया रोड, सिसई तथा सैन्दा, सियांग, कोड़ेदाग, पंडरानी, बघनी, करकरी, जलका, शिवनाथपुर, अताकोरा, मंगलो आदि गांव से ग्रामीण अपनी परंपारिक वेशभूषा में पधारे हुए थे। समारोह में कुँड़ुख़ भाषा एवं लिपि के विकास का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर डॉ0 देवशरण भगत ने कहा – हमलोग छात्र जीवन में भाषा–संस्कृति संरक्षण आदि पर चर्चा करते रहते थे और झारखण्ड अलग प्रांत आन्दोलन में भाषा–संस्कृति बचाव की बात भी उठाने लगे। छात्र आन्दोलन के साथ जुड़े रहने के चलते डॉ0 नारायण ने भी प्रण लिया कि आदिवासी जन आन्दोलन की सेवा में नौकरी के साथ साहित्य के क्षेत्र में सामाजिक योगदान देंगे और उन्होंने वैसा ही किया। मेडिकल की पढ़ाई एवं सेवा के साथ वे आदिवासी भाषा की लिपि के रूप में तोलोंग सिकि को स्थापित किया और छात्र आन्दोलन की अवधारणाओं को मूर्त रूप दिया, यह उनका अमूल्य योगदान है।

न्यूज़ इनबॉक्स

कैलगा तोलंगसीकी की पांडुलिपि का विमोचन

वर्ष – 2013

तोलोङ सिकि दिवस, 20 फरवरी 2013 को झखरा कुम्मबा, लोहरदगा में श्री विनोद भगत के नेतृत्व में तथा पूर्व विधायक श्री सुकदेव भगत, विधायक श्री बन्धु तिर्की, डॉ0 नारायण उराँव, डॉ0 फा0 जे0 बखला (डॉ0 एतवा उराँव), फा0 अगुस्तिन केरकेट्टा तथा अद्दी कुँड़ुख़ चाला धुमकुड़िया पडहा अखड़ा (अद्दी अखड़ा) के गनमान्य व्यक्ति तथा राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के माननीय सदस्यों की उपस्थिति में मनाया गया।

इस अवसर पर डॉ० फा० जे० बखला उर्फ एतवा उराँव ने कहा – अक्कुन ता बेड़ा नू कुँड़ुख़ ख़द्दारिन हिन्दी अरा अंगरेजी गने कुँड़ुख़ कत्था हूँ पढ़ना मनो। अन्ने गा कुँड़ुख़ कत्था एड़पा–पल्ली अरा पद्दा ख़ेप्पा नू रअ़ई मुन्दा अदिन शिक्षा अरा रोजगार ही माध्यम हूँ कमना मनो। इदी संग्गे ओण्टा राष्ट्रीय भाषा अरा ओण्टा अंतर्राष्ट्रीय भाषा नु पोकता मनना मनो। एःन इजराईल देश पढ़आ केरका रहचकन। असता आःलर दुनियाँ नू एकअम गुसन नुकरी ननोर पँहेस ख़द्दर गही गर्मी छुटी बेड़ा नू होरमर तमहँय राःजी किर्रनर अरा ख़द्दारिन तमहँय भाषा सिखाबअ़नर। ई घोख एंगहय जिया नू उक्कया केरा, ख़ने एःन लूरडिप्पा नू कुँड़ुख़–इंगलिस मिडियम स्कूल कुल्लकन दरा अक्कु इसता ख़द्दर कुँड़ुख़ कत्था गही परीक्षा तोलोंग सिकि नुम टूड़ा लगनर।

वर्ष – 2014

तोलोङ सिकि उल्ला (दिवस), 20 फरवरी 2014 को ललित उराँव नगर भवन, गुमला में पूर्व विधायक श्री बेर्नाड मिंज, श्री विनोद भगत एवं श्रीमती बॉबी भगत के संयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति वि0 भा0 वि0 हजारीबाग, डॉ0 रविन्द्र नाथ भगत एवं विशिष्ट अतिथि विशप डॉ० निर्मल मिंज के संरक्षण में मनाया गया। इस अवसर पर बायें से दायें डॉ0 शान्ति खलखो, डॉ० नारायण उराँव 'सैन्दा', श्री बेर्नाड मिंज, श्रीमती बॉबी भगत, विशप डॉ० निर्मल मिंज, श्री ए०एम०खलखो, फा० अगुस्तिन केरकेट्टा के अतिरिक्त फा० अलबिनुस मिंज, डॉ० नारायण भगत, श्री जिता उराँव, श्री बहुरा उराँव, श्री भइया रामन कुजूर, एडवोकेट अघनु उराँव, श्री गजेन्दर उराँव 'कोटवार' तथा गुमला जिला के कई गनमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में मनाया गया। समारोह में एराउज, गुमला, कुँड़ुख़ कत्थ खोंड़हा, लूरएड़पा भागीटोली, डुमरी, गुमला, अद्दी कुँड़ुख़ चाःला धुमकुड़िया पड़हा अखड़ा, सैन्दा, सिसई, बालिका छात्रावास, गुमला, सिनगी दई महिला कॉलेज छात्रावास, गुमला, कार्तिक उराँव कॉलेज छात्रावास, गुमला, सरना कॉलेज छात्रावास, गुमला, उराँव छात्रावास, गुमला आदि के छात्र–छात्रों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

वर्ष – 2015

तोलोङ सिकि उल्ला (दिवस), 20 फरवरी 2015 को कार्तिक उराँव आदिवासी कुँड़ुख़ उच्च विद्यालय, मंगलो, सिसई, गुमला एवं अद्दी कुँड़ुख़ चाला धुमकुड़िया पडहा अखड़ा (अद्दी अखड़ा) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री दिनेश उराँव, अध्यक्ष, झारखण्ड विधान सभा एवं पूर्व शिक्षा मंत्री, झारखण्ड सरकार श्रीमती गीताश्री उराँव, बिशप डॉ0 निर्मल मिंज, डॉ0 नारायण उराँव 'सैन्दा', फा0 अगुस्तिन केरकेट्टा, फा0 प्रेमचन्द तिर्की, फा0 प्रफुल्ल तिग्गा, फा0 देवनीस खेस्स, श्री फिलमोन टोप्पो, श्री जिता उराँव, श्री मंगरा उराँव, श्री गजेन्दर उराँव 'कोटवार' तथा गुमला जिला के कई गनमान्य व्यक्तियों तथा षिक्षकों की उपस्थिति में मनाया गया। समारोह में कुँड़ुख़ कत्थ खोंड़हा, लूरएड़पा भागीटोली, डुमरी, गुमला, बीर बुधू भगत कुँड़ुख़ लूरकुड़िया, सैन्दा आदि के छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर माननीय विधान सभा अध्यक्ष, श्री दिनेश उराँव द्वारा स्कूल के बच्चों के समक्ष दो वचन दिया गया – 1. इस विद्यालय के टॉपर को वे 11000/– रूपये देंगे। 2. वर्ष 2016 सत्र से इस विद्यालय के बच्चे कुँड़ुख़ भाषा की परीक्षा, कुँड़ुख़ भाषा की लिपि, तोलोंग सिकि में लिखेंगे।

वर्ष – 2016

दिनांक 20 फरवरी 2016 को तोलोङ सिकि उल्ला (दिवस), राजकीयकृत मध्य विद्यालय छारदा, सिसई, गुमला के प्रांगन में मनाया गया। यह कार्यक्रम, अद्दी कुँड़ुख़ चाला धुमकुड़िया पड़हा अखड़ा (स्वंय सेवी संस्था), कार्तिक उराँव आदिवासी कुँड़ुख़ उच्च विद्यालय, मंगलो एवं राजकीयकृत कार्तिक उच्च विद्यालय, छारदा के जनसहयोग से आयोजित किया गया था। इस दिवस में बतौर मुख्य अतिथि षिक्षाविद एवं कुँड़ुख़ भाषा के विद्वान विशप डॉ0 निर्मल मिंज उपस्थित थे। विशप मिंज ने अपने संबोधन में कहा –

(1) अक्कु गूटी कुँड़ुख़ कत्था ख़ेबदा नु मेंदेरआ लगिया एकला, मुन्दा अक्कु ईद ख़न्न गे एथेरओ। नेड़्डा 12.02.2016 गे झारखण्ड सरकार तरती झारखण्ड अधिविद्य परिषद, राँची, मैट्रिक परीक्षा 2016 ती कुँड़ुख़ विषय ही परीक्षा तोलोङ सिकि (लिपि) नु लिखआ गे अनुमति चिच्चा। अक्कु नाम उज्जना–ओक्कना नु कुँड़ुख़ कत्थन कछनखरआ अरा तंगआ चिनहाँ तुरू टूःड़ा ओङगोत। बरा नाम अक्कु कुँड़ुख़ कत्थन टूःड़ोत–बचओत दरा एःदना जोःगे कमओत।

(2) एका बाःरी नमन देवनागरी लिपि ती तंगआ अयंग कत्थन टूड़ना मनो, आ बाःरी नाम अदिन कुँड़ुख़ घोख बेसे टूःड़ोत, तबेम नमहँय उबार रअ्ई।

मुख्य वक्ता के रूप में तोलोङ सिकि (लिपि) के संस्थापक डॉ0 नारायण उराँव 'सैन्दा', फा0 अगुस्तिन केरकेट्टा, श्री फिलमोन टोप्पो, मांडर के पूर्व विधायक श्री विश्वनाथ भगत, श्री मंगरा उराँव, पड़हा कोटवार श्री गजेन्दर उराँव तथा जमषेदपुर से आये मेहमान श्रीमती बिलचो लकड़ा आदि ने लिपि की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जनसाधारण को सूचना दी गई कि – दिनांक 12.02.2016 को झारखण्ड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा कुँड़ुख़ भाषा पत्र की परीक्षा तोलोंग सिकि लिपि में लिखे जाने की अनुमति मिली है।

वर्ष – 2017

